राज्यपाल को 37 वां वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया

लोकायुक्त श्री लोहरा ने की राज्यपाल से मुलाकात

जयपुर, 2 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को लोकायुक्त न्यायमूर्ति श्री प्रताप कृष्ण लोहरा ने लोकभवन पहुँच कर मुलाकात की ।

इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को लोकायुक्त, राजस्थान का 37 वां वार्षिक प्रतिवेदन (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) प्रस्तुत किया।

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से लोकायुक्त श्री लोहरा ने लोक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही से संबंधित विषयों पर चर्चा भी की। उन्होंने लोकायुक्त के स्तर पर लोक सेवकों की जनता के प्रति जवाबदेही से संबंधित किए गए कार्यों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया।

———

राज्यपाल से राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजेश्वर सिंह ने की मुलाकात

जयपुर, 2 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजेश्वर सिंह ने लोकभवन पहुँच कर मुलाकात की ।

राज्यपाल श्री बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल को उन्होंने नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाए भी दी।

———